SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 30/09/2019

Q1. डॉ हर्षवर्धन किस वर्ष तक भारत को टीबी की बीमारी से मुक्त करने के उद्देश्य से "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" अभियान की शुरुआत की है?

क. 2020

ख. 2023

ग. 2025

घ. 2027

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने हाल ही में भारत को वर्ष 2025 तक टीबी की बीमारी से मुक्त करने के उद्देश्य से "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" अभियान की

शुरुआत की है. एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 28 लाख से ज्यादा टीबी के मरीज है.

Q2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में कैरेबियन कम्युनिटी को विकास के लिए कितने मिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है?

क. 5 मिलियन डॉलर

ख. 7 मिलियन डॉलर

ग. 14 मिलियन डॉलर

घ. 25 मिलियन डॉलर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में न्यूयॉर्क में कैरेबियन कम्युनिटी को विकास के लिए 14 मिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है. साथ ही मोदी जी ने सौर ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं के लिए 150 मिलियन डॉलर की कर्ज सीमा की घोषणा भी की है.

Q3. 29 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व हृदय दिवस

ख. विश्व टीबी दिवस

ग. विश्व डाक दिवस

घ. विश्व महिला सुरक्षा दिवस

29 सितम्बर को विश्वभर में विश्व हृदय दिवस (वर्ल्ड हार्ट डे) मनाया जाता है. आज के समय में अव्यवस्थित दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान, पर्यावरण प्रदूषण

SarkariExam.Com

और कारणों के चलते लोगो को हृदय से सम्बंधित बिमारिया हो रही है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगो में दिल की बीमारियों के प्रति जागरूक करना है.

Q4. हाल ही में जारी किये गए आंकड़ो के मुताबिक, भारत के बाद किस देश में महात्मा गांधी जी की सबसे अधिक स्मारक और प्रतिमाएं लगी हुई है?

क. जापान

ख. अमेरिका

ग. ऑस्ट्रलिया

घ. अफ्रीका

हाल ही में जारी किये गए आंकड़ो के मुताबिक, भारत के बाद अमेरिका में महात्मा गांधी जी की सबसे अधिक स्मारक और प्रतिमाएं लगी हुई है. अमेरिका में महात्मा गांधी जी 2 दर्जन से ज्यादा से प्रतिमाएं हैं और 1 दर्जन से ज्यादा सोसाइटी और संगठन गांधी से जुड़े हैं. साथ ही वाशिंगटन डीसी में गांधी मेमोरियल सेंटर (गांधी स्मृति केंद्र) बना हुआ है जो की अभी भी कार्यरत है.

Q5. भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व कप्तान को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन और अरुण धूमल को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया है?

क. सौरव गांगुली

ख. एमएस धोनी

ग. सचिन तेंदुलकर

SarkariExam.com

घ. मोहम्मद अजहरुद्दीन

भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को हाल ही में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरुण धूमल को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया है.

Q6. पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को किस देश की क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है?

क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ख. पकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम

घ. अफगानिस्तान क्रिकेट टीम

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है. वे वेस्ट इंडीज के फिल सिमंस की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल आईसीसी विश्वकप के बाद खत्म हो गया था. वे वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले अपना पद संभालेंगे.

Q7. निम्न में से किस क्रिकेट टीम की महिला क्रिकेटर सारा टेलर ने 30 वर्ष की उम्र में एंग्जाइटी (तनाव) के कारण संन्यास ले लिया है?

क. इंग्लैंड क्रिकेट टीम

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

SarkariExam.Com

ग. अफ्रीका क्रिकेट टीम

घ. अमेरिका क्रिकेट टीम

इंग्लैंड क्रिकेट टीम की महिला क्रिकेटर सारा टेलर ने हाल ही में 30 वर्ष की उम्र में एंग्जाइटी (तनाव) के कारण संन्यास ले लिया है. उन्होंने इंग्लैंड की ओर से 10 टेस्ट, 126 वनडे और 90 टी-20 मैच खेले. वर्ष 2006 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली टेलर 2 वनडे वर्ल्ड कप और 1 टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत चुकी हैं.

Q8. इनमे से किस सोशल मीडिया नेटवर्क कंपनी ने धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एक नयी "वित्तीय घोटाला नीति" पेश की है?

क. फेसबुक

ख. ट्विटर

ग. गूगल प्लस

घ. माइक्रोसॉफ्ट

ट्विटर सोशल मीडिया नेटवर्क कंपनी ने हाल ही में धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एक नयी "वित्तीय घोटाला नीति" पेश की है. इस "वित्तीय घोटाला नीति" का उपयोग करके धन या निजी वित्तीय जानकारी हासिल करने पर रोक लगाएगा.

SarkariExam.com

Q9. भारतीय पहलवान योगेश्वर दत्त और किस पूर्व हॉकी खिलाड़ी ने हाल ही में भाजपा पार्टी ज्वाइन की है?

क. भारत छेत्री

ख. पीआर श्रीजेश

ग. रमनदीप सिंह

घ. संदीप सिंह

भारतीय पहलवान योगेश्वर दत्त और पूर्व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह ने हाल ही में भाजपा पार्टी ज्वाइन की है. उनकी जोइनिंग के दौरान बीजेपी के प्रमुख सुभाष बराला मौजूद थे. योगेश्वर दत्त को वर्ष 2013 में 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया था और संदीप सिंह को वर्ष 2010 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया था.

Q10. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में कौन सी भारतीय गेंदबाज 3 ओवर मेडन फेंकने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गयी है?

क. झूलन गोश्वामी

ख. दीप्ति शर्मा

ग. हरमनप्रीत कौर

घ. पूनम यादव

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा 3 ओवर मेडन फेंकने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गयी है. उन्होंने इस मैच में 8 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

SarkariExam.Com

Q11. “मोस्ट कंज्यूमर-फोकस्ड ब्रांड्स रिपोर्ट-2019” की रिपोर्ट के मुताबिक, कौन सा ब्रांड देश का सबसे उपभोक्ता केंद्रित ब्रांड है?

क. एप्पल

ख. शोमी

ग. सैमसंग

घ. टेक्नो

“मोस्ट कंज्यूमर-फोकस्ड ब्रांड्स रिपोर्ट-2019” की रिपोर्ट के मुताबिक, सैमसंग ब्रांड देश का सबसे उपभोक्ता केंद्रित ब्रांड है. जारी की गयी लिस्ट में टॉप 100 में 56 भारतीय ब्रांड है जिसमे से पांच में से चार ब्रांड इलेक्ट्रानिक सेक्टर से जुड़े हैं. इस लिस्ट में डेल दुसरे, एप्पल तीसरे और एलजी चौथे स्थान पर है.

Q12. रिजर्व बैंक के द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कितने करोड़ डॉलर घटकर 482.57 अरब डॉलर रह गया है?

क. 28.8 करोड़ डॉलर

ख. 31.8 करोड़ डॉलर

ग. 38.8 करोड़ डॉलर

घ. 39.5 करोड़ डॉलर

रिजर्व बैंक के द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38.8 करोड़ डॉलर घटकर 482.57 अरब डॉलर रह गया है. जबकि पिछले हफ्ते 20 सितंबर तक विदेशी मुद्रा भंडार 38.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 428.572 अरब डॉलर रह गया था.

SarkariExam.Com

Q13. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने किसकी बढ़ती कीमतों की वजह से उसकी सभी किस्मों के निर्यात पर रोक लगा दी है?

क. टमाटर

ख. केला

ग. चीनी

घ. प्याज

भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने हाल ही में प्याज की बढ़ती कीमतों की वजह से उसकी सभी किस्मों के निर्यात पर रोक लगा दी है. विदेश व्यापार विभाग के महानिदेशक आलोक वर्धन चतुर्वेदी ने निर्यात नीति में संशोधन का ऐलान किया है.

Q14. विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धा के मामले में भारत कितने पायदान उछलकर 44वें स्थान पर पहुंच गया है?

क. 4 पायदान

ख. 8 पायदान

ग. 15 पायदान

घ. 20 पायदान

हाल ही में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट की विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैकिंग 2019 में भारत 4 पायदान उछलकर 44वें स्थान पर पहुंच गया है. भारत पिछले वर्ष इस रैंकिंग में 48वें स्थान पर था. जारी की गयी इस रैंकिंग में अमेरिका पहले स्थान और सिंगापुर दुसरे स्थान पर है.

SarkariExam.Com

Q15. थलसेना के प्रमुख जनरल _____ को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

क. विनय रावत

ख. विजय रावत

ग. विपिन रावत

घ. विमल रावत

थलसेना के प्रमुख जनरल विपिन रावत को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. वे वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ की जगह स्थान लेंगे. जनरल विपिन रावत 31 दिसंबर 2016 को सेना प्रमुख पद पर कार्यरत है.

Q16. 30 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व अनुवाद दिवस

ख. विश्व हिंदी दिवस

ग. विश्व अंग्रेजी विश्व

घ. विश्व उर्दू दिवस

बाइबल के अनुवादक संट जीरोम की स्मृति में 30 सितम्बर को विश्वभर में “विश्व अनुवाद दिवस” मनाया जाता है. इस वर्ष की विषयवस्तु (विषय) “द चेंजिंग फेस ऑफ़ ट्रांसलेशन एण्ड इंटरप्रेटिंग” हैं.

SarkariExam.Com

Q17. भारत के किस राज्य के सांपों की एक नई प्रजाति की खोज की गयी है?

क. केरल

ख. तमिलनाडु

ग. पंजाब

घ. महाराष्ट्र

भारत के महाराष्ट्र में सांपों की एक नई प्रजाति की खोज की गयी है. इस साप का नाम शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के छोटे बेटे तेजस ठाकरे के नाम पर रखा गया है. साथ ही सांपों की प्रजाति का नाम 'ठाकरेज़ कैट स्नेक' रखा गया है.

Q18. इसरो और वायुसेना ने मिलकर भारत के पहले मानवयुक्त मिशन 'गगनयान' के लिए कितने अंतरिक्ष यात्री चुने है?

क. 5 अंतरिक्ष यात्री

ख. 12 अंतरिक्ष यात्री

ग. 20 अंतरिक्ष यात्री

घ. 32 अंतरिक्ष यात्री

इसरो के प्रमुख के. सिवन के मुताबिक, भारत के पहले मानवयुक्त मिशन 'गगनयान' के लिए इसरो और वायुसेना ने 12 अंतरिक्ष यात्री चुने है. इसरो इन 12 अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्षयात्रियों को एक महीने की ट्रेनिंग के लिए रूस भेजेगा और रूस इस मिशन के लिए 12 में से 4 अंतरिक्ष यात्री को चुनेगा.

SarkariExam.Com

Q19. आरबीआई ने किस बैंक के खातों की निकासी सीमा 1000 से रुपये बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दी है?

क. यस बैंक

ख. एचडीएफसी बैंक

ग. केनरा बैंक

घ. पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक

पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक – भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक के खातों की निकासी सीमा 1000 से रुपये बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दी है. इस फैसले के बाद पीएमसी के 60 प्रतिशत से अधिक खाताधारक अपनी पूरी रकम निकाल सकेंगे.

Q20. नेपाल के कौन से बल्लेबाज नेपाल की तरफ से अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं?

क. रशीद खान

ख. सुरेश वर्मा

ग. पारस खडका

घ. परसा माईन

नेपाल के पारस खडका ने हाल ही में सिंगापुर के 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंदों में 106 रनों की पारी खेली साथ ही वे नेपाल की तरफ से अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

SarkariExam.Com